## ग्राम पंचायत तलाड़ा, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176051 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### भाग–एक

1. **(क)प्रस्तावना**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत तलाड़ा, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति नीलम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री इन्द्र सिंह | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति कंचन कालिया | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत तलाड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.03 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 17.47 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.65 |
| 4 | 6.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.12 |
| 5 | 7.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 13.03 |
| 6 | 7.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 4.82 |
| 7 | 7.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में लाखों रूपयों के अनियमित भुगतान | 2.40 |
| 8 | 8.1 | आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके, अधिक अनुमोदित दर से भुगतान करना | 0.32 |
| 9 | 8.2 | मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात से अधिक भुगतान करना | 0.05 |
| 10 | 8.3 | लेखांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव एवं मूल्यांकन से अधिक खपत दर्शाने के कारण अनियमित व्यय | 0.02 |
| 11 | 9 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 9.97 |
| 12 | 9.2 व 9.3 | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | 1.99 |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत तलाड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 24.07.2024 से 31.07.

2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2023–24 | 03/2024 | 06/2023 |

**अस्वीकरण (Discalimer) :– वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का. /2024/328 दिनांक 31.07.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/315 दिनांकः–24.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

**1.स्व–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 835420.00 | 459068.00 | 1294488.00 | 486063.00 | 808425.00 |
| 2023-24 | 808425.00 | 474916.00 | 1283341.00 | 564373.00 | 718968.00 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1886551.94 | 5252149.60 | 7138701.54 | 5058143.54 | 2080558.00 |
| 2023-24 | 2080558.00 | 2343071.89 | 4423629.89 | 2676334.89 | 1747295.00 |

**कुल योग (1+2)** 718968.00+1747295.00 =**2466263**

**(ख). बैंक समाधान विवरणीः—**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹24,66,263/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **''परिशिष्ट—3''** के अनुसार अन्तशेष ₹ 2469040.53 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/तीसरा वित,एम. पी.लेड | का•के•सह•बैंक राजा का तालाब | 20030006789 | 720924.53 |
| 2 | आई.ए.वाई | का•के•सह•बैंक राजा का तालाब | 50052177248 | 121225 |
| 3 | ए.ए.वाई | का•के•सह•बैंक राजा का तालाब | 50053237833 | 1539 |
| 4 | 14वाँ वित्तायोग | का•के•सह•बैंक राजा का तालाब | 50051953858 | 0 |
| 5 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | का•के•सह•बैंक राजा का तालाब | 50071884835 | 1624531 |
| | हस्तगत शेष | | | 821 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः— | | | | ₹2469040.53 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक तथा रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति के आकड़ों में परस्पर अन्तर** | | | | |

| | |
|---|---|
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | ₹2466263.00 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | ₹2469040.53 |
| अन्तरः– | ₹2777.53 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेष में ₹0.03 लाख का अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत तलाड़ा द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹2777.53 का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अन्तर बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/316 दिनांकः–25.07.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अन्तर बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर इस

तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यों हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं।

| अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.15वां वित | 01/ 06.05.2022 | 13740,954/ 26,28.03.22 | निर्माण रास्ता व नाली तलाड़ा वार्ड–4 | 34470 |
| 2.15वां वित | 02/ 25.05.2022 | 50/ 18.04.2022 | निर्माण वाटा टैंक अंमी चन्द इत्यादि | 38800 |
| 3.15वां वित | 04/ 25.05.2022 | 48/ 30.04.2022 | निर्माण डेंन प्रेम चन्द के घर से शाहनी देवी इत्यादि के घर वार्ड–4 | 64043 |
| 4.मनरेगा | निल/ 30.05.2022 | 13–20/निल | निर्माण सुरक्षा दिवार कृष्ण, बिश्न, राजू नाथ की जमीन वार्ड–4 | 124670 |
| 5.15वां वित | निल/ 28.05.2022 | 108/ 15.09.2022 | भूमि कटाव को रोकने हेतु सुरक्षा दीवार विपन सिंह सुपुत्र राज कुमार की जमीन वार्ड–4 | 132770 |

यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/327 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

अतः उक्त अवधि की खाता बही/लेखा खाते तैयार न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाता बही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(ड.) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव नियमानुसार न करना :–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियां और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत तलाड़ा द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानो जैसे कि तीसरा वित, एम.पी.लेड इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, तीसरा वित व एम.पी.लेड आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एंव निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20030006789 खोला गया तथा इस खाते से ही आय–व्यय किया गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/327 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं बैंक खातों का स्कीमवार का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

ANNUAL REPORT

## 5.1 अनुदान राशि ₹17.47 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/315 दिनांकः–24.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹17,47,295/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | आई.ए.वाई | 31.03.2024 | 121225 |
| 2. | ए.ए.वाई | 31.03.2024 | 1539 |
| 3 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1624531 |
| | | **कुल जोड** | **1747295** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/317 दिनांक–26.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के अपने कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर को रख–रखाव न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.65 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

ANNUAL REPORT

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/315 दिनांकः–24.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹65265**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली

हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का पर्याप्त कारणों के बिना वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। यदि पंचायत राजस्व बकाया राशि इसी तरह बढ़ती रही तो एक समय पर इसे वसूल/संग्रह कर पाना असम्भव हो सकता है।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट ''4''** पर दर्शाए गए दिनांक 01.04.2022 को अथशेष व दिनांक 31.03.2024 को सम्पति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/318 दिनांकः–26.07.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली को करने उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा तथा सम्पतिकर/गृहकर माँग व प्राप्ति रजिस्टर संधारित करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा । प्रस्तुत प्रत्युतर नियमों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये व भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पतिकर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को तैयार करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि ₹0.12 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या ''0070–60–108–01'' में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

ANNUAL REPORT

अंकेक्षण के दौरान निम्न तालिका व संलग्न **परिशिष्ट "5"** के अनुसार ग्राम पंचायत तलाड़ा द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था:–

| **क्र0सं0** | **वित्तीय स्थिति** | **विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि** |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 5800 |
| 2 | 2023–24 | 6000 |
| | जोड | 11800 |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/318 दिनांकः–26.07.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत तलाड़ा के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

## 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹13.03 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) अनुसार स्टोर/स्टॉक का क्रय करने सम्बन्धी निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत तलाड़ा के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत परिशिष्ट–"6" में दिए गए विवरणानुसार ₹13,03,123/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/323 दिनांकः–29.07.2024

द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियम प्रावधानों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये तदानुसार इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

ANNUAL REPORT

## 7.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹4.82 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत तलाड़ा के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–"6"** पर संकलित राशि ₹481810/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका एवं लेखांकन प्रक्रिया में पूर्णता व पारदर्शिता के अभाव में धन एवं सामग्री के रिसन (leakage) दुर्विनियोजन एवं दुरूपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0व0का0/2024/322 दिनांकः–29.07.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 02/2024 दिनांकः– 31.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि स्टॉक रजिस्टर संधारित करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का नियमानुसार इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

ANNUAL REPORT

### 7.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹2.40 लाख की राजस्व हानि एवं नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में लाखों रूपये के अनियमित भुगतान करनाः—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD & PR)-DB-General/2023-1/2024192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.23 के अन्तर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं (Contractors/vendors) से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा उन्हें केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "W" या "X" जमा करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट—''7''** पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹2,39,731/— का अनियमित भुगतान किया गया तथा अंकेक्षणावधि के दौरान नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख के अभाव में किये गये समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/324 दिनांकः—30.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— 02/2024 दिनांकः—31.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि निर्माण कार्यों हेतु गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर से संबंधित एम फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा उक्त सामग्री से रॉयल्टी की राशि की वसूली भी नहीं की गई है। रॉयल्टी की राशि की वसूली संबंधित संविदाकार/व्यक्ति से कर ली जायेगी तथा अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षणावधि में किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस गम्भीर प्रकरण को समस्त अनियमित भुगतानों के विस्तृत व पूर्ण विवरण सहित सम्बन्धित खनन जिला अधिकारी से पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये अथवा समस्त अनियमित भुगतानों के पूर्ण एवं स्वतः स्पष्ट विवरण सक्षम

प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये अन्यथा इस प्रकार अनियमित भुगतानों की उचित स्त्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

## 8.1 आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके, अधिक अनुमोदित दर से ₹0.32 लाख का अधिक भुगतान करनाः—

ANNUAL REPORT

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

पंचायत द्वारा निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीदने हेतु आमन्त्रित टैंडरों के उत्तर में प्राप्त तीन निविदाओं में मै0 नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा द्वारा दो मदो बजरी (20mm), मिक्चर मशीन के ₹1235 प्रति घन मीटर व ₹500/— प्रतिदिन तथा मै0 विवेक शर्मा सरकारी ठेकेदार घटोट सुकड़ द्वारा ₹1050 प्रति घन मीटर व ₹300/— प्रतिदिन तथा मै0 चूहर सिंह सरकारी ठेकेदार तलाड़ा द्वारा ₹1500 प्रति घन मीटर व ₹800/— प्रतिदिन की दर दी गई थी। स्पष्ट रूप से इसमें से मै0 विवेक शर्मा सरकारी ठेकेदार घटोट सुकड़ द्वारा दी गई दरे ₹1050/— व ₹300/— ही न्यूनतम है। परन्तु नमूना अंकेक्षण में वाउचरों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार उक्त मदों का क्रय मै0 विवेक शर्मा सरकारी ठेकेदार घटोट सुकड़ के स्थान पर मै0 नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा से किया गया था। आमन्त्रित निविदाओं में न्यूनतम निविदा को अनुमोदित न करके अधिक अनुमोदित दर से निम्न विवरणानुसार ₹32020/— का अधिक भुगतान किया गया था। जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता हैः—

| अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक/ बिल सं0 | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | न्यूनतम व अपेक्षित दर से भुगतान (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | शून्य/30.05.22/13 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | बजरी क्रैशर 40m3 (20mm) | 42000 (40@1050) | 49400 (40@1235) | 7400 |
| 2.मनरेगा | शून्य/30.05.22/20 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | मिक्चर मशीन 17Day | 5100 (17@300) | 8500 (17@500) | 3400 |
| 3.मनरेगा | शून्य/30.05.22/21 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | बजरी क्रैशर | 27300 (26@1050) | 32110 (26@1235) | 4810 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 26m3 (20mm) | | | |
| 4.मनरेगा | शून्य / 30.05. 22 / 29 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | मिक्चर मशीन 21Day | 6300 (21@300) | 10500 (21@500) | 4200 |
| 5.मनरेगा | शून्य / 30.05. 22 / 31 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | बजरी क्रैशर 33 m3 (20mm) | 34650 (33@1050) | 40755 (33@1235) | 6105 |
| 6.मनरेगा | शून्य / 30.05. 22 / 38 | मै नीरज चौधरी नोलारी तलाड़ा | बजरी क्रैशर 33 m3 (20mm) | 34650 (33@1050) | 40755 (33@1235) | 6105 |
| | | | | | कुल योग | 32020 |

उक्त किये गए अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 326 दिनांकः–30 / 07 / 2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव तलाड़ा के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–02/2024 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित फर्म / संविदाकार से कर ली जायेगी तथा संबंधित खाते में जमा करवा दी जायेगी।

अतः उपरोक्त किये गये भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में इस प्रकार किये गए अधिक भुगतान राशि की संस्था / विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात से व्यय न करके ₹0.05 लाख का अधिक भुगतान करनाः–

ANNUAL REPORT

ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या– SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 , Dated:-25-05-2022 में उल्लेखित प्रावधान The amount of component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of

40% of the actual total cost of the work by applying the following formula:—Actual unskilled labour cost X 2/3= material cost" के अनुसार भुगतान किया किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार करवाये गये कार्य में उक्त नियमानुसार भुगतान न करके ₹5136 का अधिक भुगतान किया गया था:—

| अनुदान | वाउचर सं0 / दि0 | बिल सं0 / दि0 | कार्य का नाम | अपेक्षित भुगतान (Unskilled +Material) (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मनरेगा | शून्य / 30.05.2022 | 42—44 / 05.03.2022 | नि0 गउशाला शैड सुनील कुमार की जमीन वार्ड 5 | 22110 (13266+(13266X 2/3) | 27246 | 5136 |

उक्त मनरेगा शीर्ष के अन्तर्गत सामग्री पर अधिक व्यय / भुगतान करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 327 दिनांकः—31.07.2024 द्वारा पंचायत के ध्यान में लाया गया, जिसके प्रतिउतर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 02 / 2024 दिनांक 31.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थी निर्माण कार्य हेतु खरीदी गई सामग्री के लिये अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित संविदाकार / व्यक्ति से करके संबंधित खाते में जमा करवा दी जायेगी।

अतः उक्त अधिक किये गये भुगतान बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित शीर्ष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.3 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.02 लाख का अधिक भुगतान करना :—

निर्माण वाटर टैंक हरवंश स्पुत्र नकेलू राम की जमीन वार्ड—9 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 14070 के पृष्ठ संख्या 8 में निर्माण सामग्री, बजरी का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 34 दिनांक 07.01.2022 के अनुसार निर्माण सामग्री बजरी 12m3 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप कम मूल्यांकन व सामग्री की अधिक खपत

दर्शाने/जारी करने लेखांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव के कारण ₹2112 का अधिक भुगतान किया गया था:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | बजरी | 12m3 | 10.29m3 | 1.71m3 | 1235 | 2112 |

**<u>वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :–</u>**

.Item-3,4,6 P/L(1:6:12) =11.02m3X 0.89(Sand. Factor) +5%(Variations) =**10.29m3**

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/325 दिनांक:–30.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–02/2024 दिनांक 31.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित व्यक्ति/संविदाकार से करने उपरान्त संबंधित खाते में जमा करवा दी जाएगी।

अतः अधिक भुगतान की गई राशि बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

## 9 ₹9.96 लाख के निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अकेक्षण के दौरान चयनित माह के व्यय वाउचरों के समर्थन में निम्न तालिका अनुसार राशि ₹996710/– के निमार्ण कार्यों की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर संख्या/दिनांक | निर्माण कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | शून्य/25.05.2022 | निर्माण भूमि सुरक्षा दीवार कश्मीर सिंह, वीर सिंह सोहन | 103410 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | सिंह इत्यादि वार्ड–9 | |
| 2 | मनरेगा | शून्य / 30.05.2022 | निर्माण जीप योग्य रोड मुहल्ला सुरेश, नरेश से गांव नोलारी वार्ड–3 | 135485 |
| 3 | मनरेगा | शून्य / 25.05.2022 | निर्माण जीप योग्य रोड नरेश जमीन से नोटा कुआं तलाड़ा वार्ड–7 | 133805 |
| 4 | मनरेगा | शून्य / 25.05. 2022, 28.06.2023 | निर्माण जीप योग्य रोड मुहल्ला हरनाम सिंह राज कुमार, तारा चन्द उतम, गोपी राम आदि वार्ड–2 | 208920 |
| 5 | मनरेगा | निल / 28.06. 2023,28.06.2023 | निर्माण जीप योग्य रोड पुली सहित मेन रोड से मुहल्ला संदीप सुपुत्र महिन्द्रराज, विश्नदास वार्ड–1 | 161765 |
| 6 | मनरेगा | निल / 02.06.2023 | निर्माण भूमि सुरक्षा दीवार कुलदीप कुमार, कमल किशोर, सुरिन्द्र कुमार वार्ड–2 | 48160 |
| 7 | मनरेगा | निल / 28.06.2023 | निर्माण भूमि सुरक्षा दीवार कश्मीर सिंह, वीर सिंह सोहन सिंह इत्यादि वार्ड–5 | 141920 |
| 8 | मनरेगा | निल / 28.06.2023 | निर्माण जीप योग्य रोड विशम्बर सिंह मनोहर लाल आदि की जमीन वार्ड–2 | 63245 |
| | | | | **996710** |

उक्त निर्माण कार्य की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत तलाड़ा से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 327 दिनांकः– 31 / 07 / 2027 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–02 / 2024 दिनांक 31 / 07 / 2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि आगामी अंकेक्षण में माप पुस्तिकाओं को प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः संबंधित माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत न कर पाने का औचित्य स्पष्ट करते हुये अपेक्षित अभिलेख हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101 (2) (iii) की अनुपालना सहित अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

NNUAL
EPORT

## 9.2 अग्रिम ₹1.96 लाख समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फॉर्म–9 में अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर तैयार किया जाना अपेक्षित है। जिसे पंचायत द्वारा तैयार नहीं किया गया था, तथा किये गए अग्रिमों का वितीय वर्ष के अन्त में समायोजन किया जाना अपेक्षित था।

ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को सीमेंट के क्रय हेतु निम्न विवरणानुसार ₹196479 का अग्रिम प्रदान किया गया था, लेकिन 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं किया गया थाः–

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर / दिनांक / बिल संख्या | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | शून्य / 25.05. 2022 / 0101584 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन फतेहपुर | सीमेंट बैग | – | – | 86175 |
| 2 | मनरेगा | शून्य / 25.05. 2022 / 0101578 | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन फतेहपुर | सीमेंट बैग | – | – | 58599 |
| 3 | मनरेगा | शून्य / 25.05. 2022 / शून्य | मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन फतेहपुर | सीमेंट बैग | – | – | 51705 |
| | | | | | | **कुल जोड** | **196479** |

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 327 दिनांकः–31.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–02 / 2024 दिनांक 31.7. 2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि हि0प्र0 सिविल सप्लाई को सीमेंट खरीदने हेतु किये गये अग्रिम भुगतान राशि के समायोजन से संबंधित अभिलेख को तैयार करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः मै0 हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कॉरपोरेशन को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके तथा नियमानुसार अग्रिम समायोजन रजिस्टर को भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9.3 निर्माण कार्यों के सीमेंट खरीदने हेतु हि0प्र0 सिविल सप्लाई को ₹0.03 लाख का अधिक भुगतान करनाः—

ANNUAL REPORT

